Website Link: prgi.gov.in

सं. **एनएस-एमआईएससी0 ओटीएचआर/26/2024-एनपीसीएस (आरएनआई)**

भारत के प्रेस महापंजीयक का कार्यालय
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

दिनांक: 01.04.2025

2025 की परामर्शिका संख्या 7

विषय: नियतकालिक पत्रिकाओं के नए पंजीकरण के लिए शीर्षकों की स्वीकार्यता संबंधी दिशानिर्देश

यह देखा गया है कि प्रेस सेवा पोर्टल पर नई नियतकालिक पत्रिकाओं/शीर्षकों के पंजीकरण के लिए प्राप्त कई आवेदन भारत के प्रेस महापंजीयक द्वारा जारी **शीर्षकों की स्वीकार्यता संबंधी दिशानिर्देशों** के अनुरूप नहीं हैं।

इसके परिणामस्वरूप, कई आवेदन अस्वीकार हो चुके हैं और अतएव यह सलाह दी जाती है कि स्वामी/प्रकाशक प्रेस सेवा पोर्टल पर शीर्षकों के अनुमोदन के लिए अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले शीर्षकों की स्वीकार्यता संबंधी दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। यह दोहराया जाता है कि इन दिशानिर्देशों का पालन करने से निर्धारित मानदंडों का अनुपालन न करने के कारण आवेदनों के अस्वीकृत होने से बचा जा सकेगा।

आपके सुलभ संदर्भ के लिए, दिशानिर्देश निम्नानुसार संलग्न हैं। कृपया निर्बाध अनुमोदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए इन दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

इसे प्रेस महापंजीयक के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(रजित चंद्रन एम.आर.)
उप प्रेस महापंजीयक

भारत के प्रेस महापंजीयक ★ सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
सत्यमेव जयते